आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 15.04.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा– प्रदेश सरकार जन–सहभागिता के साथ वनाग्नि की रोकथाम को लेकर कार्य कर रही है।
- कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने क्लस्टर आधारित खेती और सहकारी प्रयासों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किए जाने पर बल दिया।
- चारधाम यात्रा के दौरान श्रीनगर बेस अस्पताल के चिकित्सक केदारनाथ और बदरीनाथ यात्रा मार्गों पर भी सेवाएं देंगे।
- नैनीताल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 'चेन लिंक घेरबाड़ योजना' बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने में सफल हो रही है।

<u>वन मंत्री</u>

प्रदेश सरकार ने जंगलो में आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाये हैं। वन मंत्री सुबोध उनियाल का कहना है कि सरकार जन–सहभागिता के साथ वनाग्नि की रोकथाम को लेकर कार्य कर रही है। इसकी वजह से मौजूदा वर्ष में पिछले वर्ष की सबसे कम वनाग्नि की घटनाएं सामने आई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस वर्ष ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में फॉरेस्ट फायर मैनेजमेंट कमेटी का गठन कर समिति को आर्थिक सहायता देने का काम किया है। जिसमें लोगों को प्रशिक्षण, वन विभाग में मानव संसाधन की बढ़ोतरी और उपकरण आदि मुहैया कराने से वनाग्नि की घटनाओं में कमी देखने को मिल रही है।

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने जंगली जनवरों से किसानों की खेती को हो रहे नुकसान पर कहा कि सरकार किसानों की फसल को जंगली जानवरों से बचाने के हर संभव प्रयास में लगी हुई है। सरकार ने बंदरों के आंतक से लोगों को बचाने के लिए मिशन मंकी अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत अबतक एक लाख 40 हजार से अधिक बंदरों का बंधियाकरण किया गया है। जिससे बंदरों की आबादी को रोका जा सके। इसके अलावा जंगली सुअरों से बचाव को लेकर भी उपाय किये जा रहे हैं।

<u>धन सिंह रावत</u>

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जिले के खिर्सू ब्लॉक मुख्यालय में उद्यान, कृषि और सहकारिता विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। डॉ. रावत ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों और काश्तकारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि करना है।

इसके लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए योजनाओं की जानकारी आम किसानों तक पहुंचाएं और उन्हें लाभान्वित करें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि क्लस्टर आधारित खेती और सहकारी प्रयासों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को क्लस्टर भूमि विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने और इसकी प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

दीक्षांत समारोह

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज ऋषिकेश स्थित एम्स के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे हैं। समारोह में मेडिकल के 434 छात्र–छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। समारोह के बाद केंद्रीय मंत्री एयरोमेडिकल सेवाओं का दौरा भी करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा भी समारोह में हिस्सा ले रहे हैं। इससे पूर्व सुबह केंद्रीय मंत्री नड्डा का देहरादून के जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा, सांसद अजय भट्ट और पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक समेत कई नेताओं ने स्वागत किया।

राज्य मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज शाम सचिवालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होगी। बैठक में देहरादून के रायपुर क्षेत्र में फ्रीज की गई भूमि को फ्रीज मुक्त किए जाने संबंधित प्रस्ताव, एकल महिलाओं के लिए 'मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना' का प्रस्ताव, प्रदेश के आठ शहरों में 23 खेल अकादमी बनाने को लेकर लिगेसी प्लान समेत कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा प्रदेश में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सड़क सुरक्षा नीति के प्रस्ताव सहित योग नीति और महिला नीति के प्रस्तावों को भी मंत्रिमंडल में स्वीकृति मिलने की संभावना है।

पौड़ी

चारधाम यात्रा के लिए श्रीनगर के बेस अस्पताल को तैयार कर लिया गया है। यात्रा के दौरान बेस अस्पताल के चिकित्सक केदारनाथ और बदरीनाथ यात्रा मार्गों पर भी सेवाएं देंगे। बेस अस्पताल में तैनात सभी कार्मिकों के लिए एसओपी बनाई जा रही है। प्रदेश के चिकित्सा–शिक्षा निदेशक और श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि इमरजेंसी वॉर्ड में ओ.टी. से लेकर तमाम सुविधाओं को बेहतर बनाने पर युद्ध–स्तर पर कार्य चल रहा है। अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति के साथ ही चिकित्सा संसाधनों को बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान डॉक्टरों की 15–15 दिन की ड्यूटी केदारनाथ–बदरीनाथ यात्रा रूट पर रोटेशन पर लगायी जायेगी।

डॉ. सयाना ने बताया कि बेस अस्पताल में आयुष्मान काउंटर 24 घंटे खोलने, एमआरआई की सुविधा सुबह आठ से रात आठ बजे तक करने और धीरे–धीरे 24 घंटे करने के साथ ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी शुरू की जा रही है। श्रीनगर बेस अस्पताल की समीक्षा करते हुए चिकित्सा–शिक्षा निदेशक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग चारधाम यात्रा को लेकर मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर सेवाओं के लिए चिकित्सकों को प्रशिक्षित कर लिया गया है।

घेरबाड़ योजना

कृषि विभाग के माध्यम से चलाई जा रही 'चेन लिंक घेरबाड़ योजना' नैनीताल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने और खेती को लाभकारी बनाने में सफल हो रही है। इस योजना से न केवल फसलों को जंगली जानवरों और आवारा पशुओं से सुरक्षा मिली है, बल्कि इससे खेती योग्य भूमि का विस्तार भी हुआ है और ग्रामीणों में खेती के प्रति रुचि भी बढ़ी है। योजना के तहत भीमताल विकासखंड के ग्राम भद्यूनी में कृषि विभाग की ओर से 5 हैक्टेयर भूमि क्षेत्र में घेरबाड़ का कार्य किया गया, जिससे 35 से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं। पहले इस क्षेत्र में जंगली जानवरों द्वारा खेतों में बार–बार नुकसान होने से ग्रामीणों का खेती के प्रति उत्साह टूटता जा रहा था, लेकिन अब स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। कृषि विभाग के अनुसार 'चेन लिंक घेरबाड़ योजना' का उद्देश्य ग्रामीणों को सुरक्षित खेती के लिए प्रेरित करना और कृषि से उनकी आय को बढ़ाना है। साथ ही पलायन की समस्या को भी इस योजना के माध्यम से नियंत्रित किया जा रहा है, क्योंकि जब खेत सुरक्षित होते हैं और आय का साधन बनते हैं, तो लोग अपने गांव छोड़कर जाने के बजाय वहीं रहकर कार्य करने को प्राथमिकता देने लगते हैं। इस योजना के प्रभाव से चयनित क्षेत्रों में भूमि की घेरबाड़ कर बंजर खेतों को फिर से उपजाऊ बनाकर गांवों में हरियाली लौटाई जा रही है। आने वाले समय में विभाग द्वारा और अधिक गांवों को योजना में शामिल कर इसके लाभ को विस्तार देने की योजना है।

सूर्य देवभूमि चैलेंज

भारतीय सेना 18 अप्रैल से ''सूर्य देवभूमि चैलेंज'' के तहत एक अनूठे अल्ट्रा–एंड्योरेंस इवेंट का आयोजन कर रही है। साहस और सहनशक्ति से भरपूर यह आयोजन उत्तरकाशी जिले की नेलांग घाटी से शुरू होकर भटवाड़ी, बुड्ढा केदार और सोनप्रयाग तक पहुंचेगा। कार्यक्रम का एक्सपो, 17 अप्रैल को हर्षिल में होगा।

इस चैलेंज की शुरुआत नेलांग घाटी से 110 किलोमीटर लंबी साइक्लिंग रेस से होगी, जो ऊंचाई वाले दुर्गम और चुनौतीपूर्ण पहाड़ी क्षेत्रों से गुजरते हुए भटवाड़ी पहुंचेगी। अगले दिन 19 अप्रैल को 37 किलोमीटर लंबी रनिंग रेस का आयोजन भटवाड़ी से बुड्ढा केदार तक किया जाएगा। तीसरे और चौथे दिन प्रतिभागी गुतू होते हुए सोनप्रयाग तक पहुंचेंगे।

भारतीय सेना और उत्तराखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह आयोजन न केवल शारीरिक और मानसिक साहस की परीक्षा है, बल्कि भारतीय संस्कृति, प्राकृतिक विरासत और सशस्त्र बलों की वीरता का प्रतीक भी है। खास बात यह है कि यह आयोजन केवल सेना तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें देशभर के नागरिक भी भाग ले सकते हैं।

स्वास्थ्य सुविधा सुधार

देहरादून जिला प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लगातार सुधार हो रहा है। जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में ब्लड बैंक का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग एक करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से बन रहा यह ब्लड बैंक इसी वित्तीय वर्ष में शुरू होने की उम्मीद है। इससे लोगों को ज़रूरत के समय रक्त के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

चिकित्सालय में ऑटोमेटेड पार्किंग और हिलांस कैंटीन का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है। साथ ही डेडिकेटेड 'रक्त गरुड़' इलेक्ट्रिक वाहन की सुविधा भी जल्द शुरू की जा रही है, जिससे रक्त लेने में तीमारदारों को आसानी होगी।

एस.एस.एन.सी.यू की क्षमता को भी दोगुना किया जा रहा है और आशा घर, दवा काउंटर जैसी सुविधाएं पहले ही बढ़ा दी गई हैं। राज्य का पहला ऐसा वैक्सीनेशन सेंटर भी शुरू किया गया है, जो पूरे सप्ताह टीकाकरण की सुविधा देता है।

रम्माण

चमोली जिले के ज्योतिर्मठ के सलूड़–डुंग्रा गांव में विश्व सांस्कृतिक धरोहर ''रम्माण'' का आयोजन इस वर्ष 30 अप्रैल को किया जाएगा। रम्माण उत्सव प्रतिवर्ष बैसाख मास में आयोजित होता है और यह पारंपरिक विरासत युवा पीढ़ी द्वारा भी उत्साह के साथ निभाई जा रही है। इस वर्ष जिला प्रशासन द्वारा मेला स्थल की सजावट की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भी रम्माण उत्सव में शामिल होने की संभावना है। संयोजक डॉ. कुशल भंडारी ने हाल ही में मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें रम्माण मेले में आमंत्रित किया था।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा– प्रदेश सरकार जन–सहभागिता के साथ वनाग्नि की रोकथाम को लेकर कार्य कर रही है।
- कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने क्लस्टर आधारित खेती और सहकारी प्रयासों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किए जाने पर बल दिया।
- चारधाम यात्रा के दौरान श्रीनगर बेस अस्पताल के चिकित्सक केदारनाथ और बदरीनाथ यात्रा मार्गों पर भी सेवाएं देंगे।
- नैनीताल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 'चेन लिंक घेरबाड़ योजना' बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने में सफल हो रही है।